मान्यवर, आज उपवेशन की शुरुआत हो रही है और न यहां नेता सदन हैं और न संसदीय कार्य मंत्री हैं ?

श्री राज्यपाल के अभिभाषण का श्री अध्यक्ष द्वारा आंशिक पाठ

(श्री अध्यक्ष ने अभिभाषण को पढ़ना प्रारम्भ किया)

श्री अध्यक्ष-

माननीय सदस्यगण, उत्तर प्रदेश के वर्ष 2006 के विधान मण्डल के एक साथ समवेत दोनों सदनों के प्रथम सत्र के लिये आहूत इस अधिवेशन में आप सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करत हूं।

श्री [illegible]ुम सिंह-

मान्यवर, पढ़ा हुआ मान लिया जाय।

डा0 लक्ष्मीकान्त बाजपेयी-

मान्यवर, इसमें पढ़ने को है ही क्या ?

श्री [illegible]ध्यक्ष-

[इस विधान मण्डल की बैठक में आप प्रदेश की ज्वलन्त समस्याओं पर विचार करेंगे। सरकार द्वारा प्रस्तुत कुछ आवश्यक विधेयकों पर चर्चा कर उन्हें पारित किया जाएगा। गैर सरकारी

नोट :-- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्तुत ध्यानाकर्षण प्रस्तावों व लोकमहत्व के विषयों पर चर्चा होगी। आवश्यक हुआ तो कुछ अनुपूरक अनुदानों की राशियों को भी चर्चा के बाद पारित कराने का आपको अवसर मिलेगा। मुझे विश्वास है कि प्रदेश की आम जनता के हित में आप सभी माननीय सदस्यगण मेरी सरकार का सहयोग कर सभी जनहित के प्रश्नों का, दलीय भावना से ऊपर उठकर समाधान निकालेंगे और मेरी सरकार द्वारा इस देश के महानतम राज्य उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश के रूप में बदल डालने के भगीरथ प्रयास में अपनी उल्लेखनीय भूमिका अदा करेंगे।

माननीय सदस्यगण, मेरी सरकार ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में सामान्य वार्षिक बजट वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व ही सफलतापूर्वक पास कराया। इस महत्वपूर्ण कार्य में आप सभी का सहयोग सराहनीय रहा। विगत अनेक वर्षों से उत्तर प्रदेश वित्तीय अनुशासनहीनता का शिकार था। घाटे का असमय बजट पेश करना और समय से आवंटित राशि को खर्च न करना प्रदेश की नियति बन गयी थी। हर वर्ष केवल कर्ज लेना और वित्तीय मामले में उत्तर प्रदेश को अपने पैरों पर खड़ा होने से रोकना, मानों प्रदेश का धर्म बन गया था, जिसके चलते हम केन्द्रीय स्तर पर लांछन के पात्र बनते रहे, किन्तु मेरी सरकार ने न केवल हमारे प्रदेश का राजस्व घाटा समाप्त कर दिया अपितु 23 प्रतिशत राजस्व में बढ़ोत्तरी हुई। प्रदेश ने 1123.17 करोड़ रुपये की राजस्व बचत की, जो विगत 20 वर्षों के लम्बे काल के बाद हुआ, इसीलिए योजना आयोग को मेरी सरकार के प्रयासों की सराहना करनी पड़ी। हर वर्ष खस्ताहाल वित्तीय हालत के कारण ओवर ड्राफ्ट लेना पड़ता था। राज्य कर्मचारियों के वेतन भुगतान के लाले पड़े रहते थे। कोषागार भुगतानों को रोक देता था। अपने वित्तीय प्रबन्धन व कौशल से मेरी सरकार ने उत्तर प्रदेश को विकासोन्मुखी राज्य की पंक्ति में खड़ा कर दिया। हमारे प्रदेश की विकास दर 2002-03 में 0.1 प्रतिशत थी, यह हमारी सरकार का चमत्कारी कार्य है कि विकास की गाड़ी 6 प्रतिशत के हिसाब से दौड़ पड़ी। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के दबाव में सभी राज्य सरकारों ने मूल्यवर्धित कर-प्रणाली लागू कर दिया लेकिन मेरी सरकार सारे दबावों के आगे मजबूती से खड़ी रही और व्यापार कर के ही जरिये मेरी सरकार ने कर उगाही में कीर्तिमान स्थापित किया, जिससे हमारे प्रदेश की विकास योजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है। आर्थिक रूप से अपने पैरों पर प्रदेश को खड़ा करने की नीति की सर्वत्र प्रशंसा हुई। प्रदेश के इतिहास में उधारी की बैशाखी फेंक कर स्वावलम्बी उत्तर प्रदेश बनाने की दिशा में मेरी सरकार का काम सदैव याद किया जाएगा।

मेरी सरकार ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में नए औद्योगिक वातावरण का सृजन किया। कानून व्यवस्था खराब होने की अफवाहबाजी के बावजूद प्रदेश में औद्योगिक क्षेत्र में पूंजी निवेश की देशी और बहुराष्ट्रीय कम्पनियों में प्रतिस्पर्धा खड़ी हो गई हैं बिजली, जैसी सर्वाधिक जीवन के लिए आवश्यक, क्षेत्र में, निजी क्षेत्र में रु0 30 हजार करोड़ के आसपास पूंजी निवेश का वचन दिया है और इस क्षेत्र में आवश्यक पहल प्रारम्भ हो गई है जिससे बिजली जैसी बुनियादी सुविधा को दो वर्षों के भीतर सर्वसुलभ कराने में मेरी सरकार सफल होगी। प्रदेश की हर झोपड़ी और गांव में रोशनी एक वर्ष के भीतर पहुंचा देने की महत्वाकांक्षी योजना प्रारम्भ हो चुकी है। यह निर्णायक दौर में है और मुझे विश्वास है कि बिजली से पूरे प्रदेश के गांव वर्ष के अन्त तक जगमगा उठेंगे। आम आदमी की बुनियादी आवश्यकता आवास है। हर इंसान को जाड़ा, गर्मी, बरसात से बचने के लिये छत चाहिए, इस दिशा में हमारी सरकार ने महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है। मुझे विश्वास है कि आवास

क्षेत्र में निजी निवेशक हमारी सरकार का पूरा सहयोग कर रहे हैं और इस क्षेत्र में भी रु0 एक लाख करोड़ के आसपास का निवेश निजी क्षेत्र करने को बचनबद्ध हैं।

मा0 सदस्यगण, हमारे प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ किसान है। उसकी खुशहाली के लिये मेरी सरकार ने अभूतपूर्व काम किये हैं। केवल गन्ना के क्षेत्र में निजी निवेशकों ने लगभग पांच हजार करोड़ रु0 की पूंजी निवेश कर गन्ना और चीनी उत्पादन के क्षेत्र में हमारे प्रदेश को नम्बर एक स्थान पर पहुंचा दिया है। महाराष्ट्र जैसा राज्य कभी इस क्षेत्र में नम्बर एक था। इस वर्ष हमारे प्रदेश ने गन्ना उत्पादन महाराष्ट्र से तीन गुना किया और देश में सबसे अधिक चीनी उत्पादन कर के हमारे प्रदेश ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इसे, पूरा देश हमारे प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देख रहा हैं गन्ना मूल्य का न केवल किसानों को सर्वाधिक कीमत मिली अपितु समय से पूर्व भुगतान हुआ है। यह मेरी सरकार की देन है कि गन्ना किसान इस वर्ष गन्ना के मूल्य के रूप में लगभग साढ़े छः हजार करोड़ रुपये प्राप्त कर चुके हैं। शेष का भुगतान युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। प्राकृतिक आपदा और मेरी सरकार के नियंत्रण से परे कारणों से गेहूं उत्पादन में गिरावट आई फिर भी गन्ना काश्तकारों की ही तरह आलू और गेहूं उत्पादक किसानों को लाभकारी मूल्य मिला। आम धारणा है कि किसानी के इतिहास में मेरी सरकार का काम ईश्वरीय वरदान की तरह है। आगे भी किसानों की मूलभूत समस्याओं के समाधान तथा इस वर्ग की खुशहाली और शान्ति के लिये मेरी सरकार वचनबद्ध है। हमारी किसान समर्थक नीति का ही परिणाम है कि एक भी किसान के आत्महत्या करने की कोई खबर नहीं आयी जबकि पूरे देश में विगत कुछ वर्षों में 30 हजार किसान आत्म हत्या कर चुके हैं। प्रदेश के दक्षिणी, पूर्वी हिस्सों से नक्सलवाद का हिंसक ताण्डव, इतिहास का विषय बन गया। गंगा की घाटी में लगभग तीन दशक से आतंक का पर्याय बने दस्यु गिरोहों का सफाया कर रुहेलखण्ड की दहशत का जीवन जीने वाली जनता को शान्ति और खुशहाली का जीवन दिया। डेढ़ दशक पहले उत्तर प्रदेश का तराई क्षेत्र देशी आतंकवाद की ताण्डव भूमि मानी जाती थी। वह क्षेत्र न केवल शान्त अपितु प्रदेश की कृषि की तरक्की में उल्लेखनीय योगदान कर रहा है। विकसित होने वाली शहरी संस्कृति अपहरण और फिरौती का श्रृंगार कर लेती है, लेकिन महानगरों में आमतौर पर होने वाली घटनाओं पर मजबूती से काबू पाया गया है जिसके कारण महानगरों का औद्योगिक व व्यापारिक कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। अपहरण और फिरौती की घटनाओं पर सफलतापूर्वक काबू पा लिया गया है।

कानून व्यवस्था के क्षेत्र में मेरी सरकार का योगदान उल्लेखनीय है। चम्बल, बेतवा, यमुना, सेंगुर के ठण्डे जल से अत्याधुनिक हथियार आग का गोला छोड़ते थे। इन नदियों के बीहड़, दस्यु गिरोहों के स्थायी निवास जैसे थे। जहां गोलों की तड़तड़ाहट से आम जनजीवन भयाक्रान्त होकर कातर ढंग से अपनी जिन्दगी बिताता था, अपहरण और फिरौती दैनिक धन्धे के रूप में फले, फूले थे, मेरी सरकार के संकल्पबद्ध प्रयास से इन नदियों की घाटी व बीहड़, शान्त क्षेत्र के रूप में बदल गये। केन्द्र और प्रांतीय सरकार के पचास वर्ष के पुलिसिया प्रयास को निष्प्रभावी बताने वाले विनोबा, जे0 पी0 के शान्ति पाठ को ठुकराने वाले घाटियों और बीहड़ों को मेरी सरकार के प्रयासों ने अलग किस्म का वातावरण दिया। जिन क्षेत्रों से रायफल, ए0के0-47 की गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाई पड़ती थी, अब

उसी क्षेत्र से सिंहों, शेरों की दहाड़, बारहसिंगो की किलकारी व सैलानियों का प्रेमालाप की मधुर ध्वनि सुनायी पड़ेगी।

सीमा पार प्रायोजित आतंकवाद का शिकार हमारा प्रदेश होता रहा है। हमारे प्रदेश की सीमाएं बड़े पैमाने पर दूसरे देशों से मिलती हैं। उन लम्बी सीमाओं को लांघकर सीमापार आतंकवादियों के लिये प्रवेश करना आसान काम है। फिर भी सरकार के चुस्त-दुरुस्त प्रशासन ने इनका वीरतापूर्वक मुकाबला किया है। आयोध्या के विवादित परिसर में विदेशी भाड़े के आतंकवादी घुसे, हमारी पुलिस ने उनका मुंहतोड़ उत्तर दिया। बिना किसी नुकसान के आधे घण्टे के भीतर सभी आतंकवादियों का सफाया कर हमारे प्रदेश की पुलिस ने अपनी गौरवगाथा के गीत पूरे देश में सुना दिया। अयोध्या की घटना से आहत व धराशायी आतंकवादियों के निशाने पर हमारा पूरा प्रदेश हो गया है। पवित्र काशी के पवित्रतम संकटमोचन मन्दिर और रेलवे प्लेटफार्म पर धमाके हुये। कुछ निर्दोष जानें गयीं, लेकिन हमारी पुलिस ने इन घटनाओं के मुख्य सूत्रधार को दूसरे ही दिन ढेर कर दिया तथा सम्पूर्ण घटना के दुष्चक्र का भण्डाफोड़ कर राष्ट्रीय स्तर और दिल्ली में विस्फोटों के महत्वपूर्ण सुराग खोल दिये। देश के प्रत्येक शान्तिप्रिय नागरिक ने उत्तर प्रदेश के इस शानदार कर्तव्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

माननीय सदस्यगण, मेरी सरकार ने हमारे ग्राम विकास की धुरी पंचायती राज व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिये ग्राम पंचायतों, विकास खण्डों के पदाधिकारियों व जिला पंचायतों के चुनाव समय सीमा के भीतर निष्पक्ष और प्रभावी ढंग से कराये। मेरी सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि है कि न्यूनतम हिंसा और मारकाट के बाद आमतौर पर शान्तिपूर्ण निष्पक्ष ढंग से सभी पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव हुये।

मेरी सरकार ने अपनी-अपनी इकाई के भाग्य को संवारने के लिये वित्तीय आयोग की संस्तुति के हिसाब से इन सभी संस्थाओं को बजट का आवंटन भी कर दिया। इन संस्थाओं से जुड़े जन-प्रतिनिधि ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपनी सीमा के भीतर ग्राम विकास की योजनाओं को पूरा कर सकें, इसलिये मेरी सरकार ने इन जनप्रतिनिधियों के लिये न केवल मानदेय देना ही सुनिश्चित किया अपितु उसमें भी वृद्धि कर दी, जिससे पंचायती राज की विकास प्रक्रिया को ये प्रतिनिधि उत्साह के साथ तेज कर सकें। स्थानीय निकायों, शहरी क्षेत्र के परिसीमन का कार्य तेजी से चलाया जा रहा है। शहरी क्षेत्र के परिसीमन का कार्य कानूनी वादों, विवादों के कारण बाधित हुआ, जिसके कारण शहरी स्थानीय निकायों के चुनाव निर्धारित समय सीमा के भीतर नहीं कराये जा सके। मुझे विश्वास है कि मेरी सरकार सारी कानूनी बाधाओं को समाप्त कर निकायों के भी चुनाव शीघ्र सम्पन्न कराएगी।

हमारे समाज का लिंगीय अनुपात लगातार बिगड़ रहा है। समाज में स्त्रीधन की मर्यादा और प्रतिष्ठा के लिये ठोस कदम नहीं उठाये गये तो स्त्री-पुरुष अनुपात का असंतुलन हमारे समाज के ढांचे को चरमरा देगा। दहेज की कुप्रथा, स्त्रियों में जागरुकता का अभाव, कन्या को बोझ समझ कर उसकी भ्रूण-हत्या, हमारे समाज को कलंकित कर रही है। मेरी सरकार ने इस गम्भीर सामाजिक चुनौती को स्वीकार कर इसके मुकाबले के लिये कमर कस लिया है। नर-नारी समानता के ऐतिहासिक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये मेरी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। पति की मृत्यु के उपरान्त समाज में अभिशप्त जीवन जीने के लिए मजबूर समस्त सम्मानित निराश्रित महिलाओं के लिए पेंशन की व्यवस्था की गयी हैं ग्रेजूएशन तक की पढ़ाई कन्याओं के लिए बिना फीस की कर दी गयी है। प्राथमिक स्तर

पर कन्याओं के लिए मुफ्त किताबें और दोपहर का भोजन व वस्त्र की व्यवस्था की गयी है। यह सुविधा अल्पसंख्यकों के लिए चलने वाले मदरसों में पढ़ने वाली कन्याओं के लिए भी उपलब्ध है। पूरे देश के किसी भी राज्य को नई दिशा देने के लिए केवल मेरी सरकार ने 'कन्या विद्याधन-योजना' चलाई है, जिसमें इण्टर पास व अल्पसंख्यक स्कूलों की आलिया तक की पढ़ाई पास कन्याओं को 20 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाता है। यह पुरस्कार गत वर्ष डेढ़ लाख कन्याओं को दिया गया था। इस वर्ष इसका बजट बढ़ा कर 600 करोड़ कर दिया गया है, जिससे तीन लाख गरीब घरों की लड़कियां इस पुरस्कार को प्राप्त कर सकें। कन्याओं में अच्छी पढ़ाई व जागरूकता की ललक पैदा करने वाली यह इस देश की अनूठी योजना है।

माननीय सदस्यगण, सभी बेरोजगार नौजवानों को रोजगार देना किसी भी लोकतांत्रिक, कल्याणकारी राज्य का प्रथम कर्तव्य है। मेरी सरकार का विश्वास है कि युवा पीढ़ी को असामाजिक कार्यों से विमुख करने और उग्रवादी गतिविधियों में लिप्त होने से बचाने के लिए उन्हें रोजगारयुक्त करना आवश्यक है। युवकों को रोजगार देने की दिशा में हमारी सरकार ने उल्लेखनीय योगदान किया है। लाखों युवकों को रिकार्ड समय में सरकारी, अर्द्ध सरकारी सेवा में समायोजित किया गया हैं शेष बचे बेरोजगार स्नातकों को इस वर्ष से पांच सौ रुपये माहवार के हिसाब से बेकारी का भत्ता देने की महत्वकांक्षी योजना ने हमारे प्रदेश के सम्मान को ऊंचा किया है। डा0 राम मनोहर लोहिया की भावना के अनुसार प्रदेश में भूमि सेना का गठन किया गया हैं इसमें न केवल एक लाख नौजवानों को रोजगार दिया गया है अपितु इस सेना के माध्यम से नहरों की सफाई, बीहड़ों का समतलीकरण, बंजर भूमि को उपजाऊ बनाकर गरीब, वंचित, कमजोर लोगों को भूमि का स्वामित्व देने की महान क्रान्तिकारी योजना चलाई गई है जिस पर रु0 एक सौ करोड़, वर्ष भर में खर्च किया जायेगा। प्रयोग के तौर पर प्रारम्भ की गई इस योजना के सकारात्मक परिणाम आये तो इसका आकार और बड़ा किया जाएगा। इसी योजना को आगे बढ़ाते हुये सभी गांव में कम से कम एक बड़ा तालाब खोदा जायेगा, जिस पर 682 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे।

मेरी सरकार अल्पसंख्यक समूहों के सामाजिक और शैक्षिक उन्नति के लिए कटिबद्ध है। प्रदेश के 13 अल्पसंख्यक बाहुल्य जिलों में प्राथमिक व जूनियर हाई स्कूलों में कम्प्यूटर की शिक्षा का इंतजाम सरकारी खर्च पर किया गया है। अल्पसंख्यक समूह के युवकों की अधिकतम साझेदारी अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में हो सके, इसके लिए उन्हें सक्षम बनाने हेतु सरकारी खर्च पर कोचिंग संस्थान खोलने की व्यवस्था की गई है। अनुदान सूची में शामिल मदरसों की फौलानियां स्तर तक के बालक-बालिकाओं को मुफ्त पाठ्य-पुस्तक दिये जाने की व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई कन्या विद्याधन योजना का लाभ अरबी फारसी बोर्ड के आलिया पास छात्राओं को भी दिया जाएगा। सरकारी सेवाओं में सहभागिता सुनिश्चित करने तथा अल्पसंख्यक वर्ग की शिक्षा को बढ़ावा देने के उपाय सुझाने हेतु एक आयोग गठित किया गया है जिसे अल्प समय में ही अपनी रिपोर्ट देनी है। अल्पसंख्यक बाहुल्य विकास खण्डों में 25 नये आई0टी0आई0 संस्थान खोले जायेंगे, जिससे अल्पसंख्यक समूह के बच्चे तकनीकी शिक्षा ग्रहण कर सकें। अरबी-फारसी के मदरसों में कम्प्यूटर शिक्षा के लिये अनुदान देकर इन वर्गों के बच्चों को आधुनिक शिक्षा से सम्पन्न करना मेरी सरकार का उद्देश्य है। इस तरह समन्वित ढंग से संकल्प के साथ हमारे समाज के अभिन्न हिस्सा बुनकर भाईयों

की दशा सुधारने पर विशेष बल दिया गया है। पावरलूम की बिजली की आपूर्ति में हार्सपावर पीछे किसानों से ली जाने वाली बिजली की दरों से भी कम दर पर विद्युत आपूर्ति करने की बात कही गई है।

मेरी सरकार द्वारा सड़क व सेतु निर्माण तथा रख-रखाव पर रु0 5 हजार 75 करोड़ खर्च करने के प्राविधान इस वर्ष के लिये किये गये हैं। सड़कों और पुलों के मद में इतना परिव्यय एक वर्ष के बजट में कभी नहीं हुआ था। पूर्वी उत्तर प्रदेश व बुन्देलखण्ड का क्षेत्र अंग्रेजी जमाने से विभिन्न राज्य सरकारों के पक्षपातपूर्ण कृत्यों के कारण पिछड़ेपन का शिकार रहा है। क्षेत्रीय विषमता को दूर कर पूरे उत्तर प्रदेश का समग्र विकास मेरी सरकार का उद्देश्य है, इसलिये इन दोनों पिछड़े इलाकों के विकास के लिये वार्षिक बजटीय प्राविधानों के अतिरिक्त 522 करोड़ रुपये का प्राविधान किया है। इस तरह मेरी सरकार चहुमुंखी विकास के लिए कृत-संकल्प है।

माननीय सदस्यगण, हमारी सरकार का संकल्प हर खेत को पानी और हर हाथ को काम देना है। इस दृष्टि से हमारी सरकार ने बुन्देलखण्ड के समस्त भूखे, प्यासे क्षेत्र को जलाभिसिंचित करने का फैसला किया है। इस दृष्टि से मेरी सरकार ने बुन्देलखण्ड के क्षेत्र में आने वाली नदियों को जिनका फैलाव मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश में है, उन्हें आपस में जोड़कर पूरे बुन्देलखण्ड, आगरा संभाग की धरती को जल से सिंचित कर हरा-भरा क्षेत्र के रूप में विकसित करने के फैसले किये हैं। इस दृष्टि से मेरी सरकार ने भारत सरकार की देख-रेख में सम्बन्धित राज्य सरकारों के साथ ऐतिहासिक समझौते किये हैं, जिन्हें समयबद्ध चरणों में पूरा किया जाएगा। विगत दो दशकों से लम्बित सिंचाई की महत्वाकांक्षी योजनाएं जैसे-सरयू नहर परियोजना आदि सभी धनाभाव के कारण न केवल विलम्बित है अपितु इनका व्यय भी निरन्तर बढ़ रहा था। मेरी सरकार ने इन सभी सिंचाई परियोजनाओं का महत्वपूर्ण मानकर शीघ्र नई निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का फैसला किया है। इन नहरों के फैलाव से न केवल अभावग्रस्त क्षेत्रों की सिंचाई की समस्या का समाधान होगा, अपितु बाढ़ की विभीषिका से स्थायी रूप से मुक्ति मिलेगी। बाढ़ और सिंचाई का समाधान बालू सिल्टिंग से ग्रस्त नहरों की साफ-सफाई से है। मेरी सरकार ने न केवल नहरों की सफाई का समयबद्ध महत्वाकांक्षी कार्य अपने ऊपर लिया है, अपितु शुद्ध पेयजल के अभाव को, जो हमारी तमाम बीमारियों की जड़ में है, दूर करने का उपाय किया है। भूगर्भ का जल निरन्तर प्रदूषित हो रहा है और उसके स्रोत सूख भी रहे हैं। पेयजल की विकराल हो रही समस्या सम्पूर्ण मानवता के लिए चुनौती है। मेरी सरकार ने पेयजल की समस्या से अनन्तकाल से जूझ रहे क्षेत्रों में गहरे ट्यूबवेल खोदकर जो चट्टानी क्षेत्रों के लिए दुष्कर कार्य है, उसे निर्धारित समय में पूरा करने का फैसला किया है। भूगर्भ को स्वच्छ और नीचे जाने से बचाने के लिए बरसात के पानी के अनुरक्षण और तालाबों, गड्ढों को गहरा करने की महत्वाकांक्षी योजनाएं प्रारम्भ की गयी है।

सभी को स्वास्थ्य सुविधायें पहुंचाना मेरी सरकार की प्राथमिकताओं में से है, इसलिए मेरी सरकार ने शपथ के दिन ही 'दवा, पढ़ाई मुफ्त होगी' का नारा दिया था और उस नारे पर पदारूढ़ होने के दिन से प्रयासरत है। सभी सरकारी अस्पतालों में गरीब लोगों के लिए मुफ्त इलाज का इन्तजाम किया गया है, समस्त सुविधाओं से युक्त नये अस्पताल खोले गये हैं। जिले स्तर के नये चार संयुक्त चिकित्सालय खोले गये हैं। सुपर स्पेशलिटी का एक अस्पताल, मध्य उत्तर प्रदेश के गरीब लोगों

को सुविधाजनक ढंग से अपने जिले और गांव के निकट उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिल सके, इस प्रयोजन से मिनी पी0जी0आई0 के तर्ज पर, सैफई में खोला गया है। समस्त जिले और ग्रामीण स्तर के अस्पतालों में विगत वर्षों से डाक्टर की तैनाती ही नहीं हुई थी, क्योंकि डाक्टरों का अभाव था। इस अभाव को पूरा करने के लिए लोक सेवा आयोग युद्धस्तर पर डाक्टरों की भर्ती कर रहा है, जिससे सभी अस्पतालों के लिए डाक्टर शीघ्र उपलब्ध कराये जा सकें। इतना ही नहीं कैंसर तथा हृदय, किडनी, लीवर आदि के असाध्य रोगों से ग्रसित प्रदेश के असंख्य गरीब लोग, जो धनाभाव के कारण मंहगी चिकित्सा का व्यय-भार वहन नहीं कर सकते, उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए उत्तर प्रदेश के हमारे लोकप्रिय मुख्य मंत्री ने अपने विवेकाधीन कोष का जायज इस्तेमाल कर हजारों गरीब लोगों को नई जिन्दगी दी है।

उत्तर प्रदेश की जनता का स्वास्थ्य ठीक रहे, इसके लिए सुयोग्य डाक्टरों का होना आवश्यक है। विगत 10 वर्षों से उत्तर प्रदेश की चिकित्सा शिक्षा के साथ घोर मजाक होता रहा है। मेरी सरकार ने प्रदेश के मेडिकल कालेजों को न केवल स्थायित्व दिया अपितु उनकी दशा सुधारने के लिए 60 करोड़ रुपये की अनुदान राशि भी दी। प्रदेश के सभी मेडिकल कालेज, मेडिकल काउसिंल आफ इण्डिया के मानक को पूरा कर सकें, इस मंशा से 'टिक्कू कमीशन' की संस्तुतियों को न केवल लागू किया अपितु मेडिकल शिक्षा में शिक्षकों के अभाव को पूरा करने के लिए युद्ध स्तर पर भर्ती का काम भी पूरा किया। कोई मेडिकल कालेज अध्यापकों की कमी के चलते अपने स्तर को न गिरा दे, इस मंशा से शिक्षकों की कमी को पूरा करने के लिए अन्य उपाय भी किये जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में डाक्टरों की आवश्यकता और उपयोगिता के बावजूद मेडिकल कालेजों की कमी थी। इस प्रदेश से बाहर लम्बी रकम देकर प्रदेश के छात्र-छात्राएं मेडिकल की डिग्री लेने जाते थे। उस कमी को पूरा करने की मंशा से मेरी सरकार ने तीन नये मेडिकल कालेज खोलने का फैसला लिया है। साथ ही पैरामेडिकल, लैब टैक्नीशियन का सर्वथा अभाव था। उनके अभाव में चिकित्सा व्यवस्था दुरुस्त नहीं हो सकती। इसकी पढ़ाई के लिए गुणवत्तायुक्त विद्यालय नहीं थे। मेरी सरकार ने पैरामेडिकल शिक्षा का भी एक विद्यालय खोलने का फैसला किया है। इस तरह मेरी सरकार की प्राथमिकता शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, किसान व युवक हैं। मेरी सरकार अपनी प्राथमिकताओं के साथ समाज की सर्वांगीण तरक्की के काम में लगी है। विधान मण्डल इस दृष्टि से मेरी सरकार के सुविचारित कार्यक्रमों का मार्गदर्शन करे, ऐसी हमारी अपेक्षा है।

माननीय सदस्यगण, मुझे यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि मेरी सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों के उत्थान के लिए व प्रदेश की आर्थिक दशा सुधारने के लिए बहुत ही निष्ठावान तरीके से काम किया है। प्रदेश के बुनियादी क्षेत्र को विकसित करने के लिए जो महानतम बुनियाद डाली गई है, उसके परिणाम तो कुछ ही दिनों में सामने आयेंगे, किन्तु अहर्निश सेवा, विकास करने का संकल्प और सुविचारित नीतियों ने देश के सबसे बड़े राज्य को इस मुकाम पर पहुंचा दिया है, जहां से विकसित राज्य के सभी दरवाजे खुल जाते हैं।

ठीक है, एक लाइन आखिर की पढ़ देता हूं। हमें विश्वास है कि आप सभी माननीय सदस्य, दलीय निष्ठाओं से ऊपर उठकर समग्र विकास के मेरी सरकार के निष्ठावान प्रयासों में साझीदार होंगे

और उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के महायज्ञ में अपनी आहुति देंगे। आप सबको नये वित्तीय वर्ष में नई ऊर्जा के साथ काम करने की शुभशंसा प्रकट करता हूं।]

जयहिन्द।

श्री अध्यक्ष-

ठीक है, इसे पढ़ा हुआ माना जाता है।

(सर्वसम्मति से महामहिम राज्यपाल जी का अभिभाषण पढ़ा हुआ माना गया)

श्री राज्यपाल के अभिभाषण के सम्बन्ध में व्यवस्था का प्रश्न उठाने का प्रयास

श्री जगदम्बिका पाल-

मान्यवर, एक व्यवस्था का प्रश्न है। श्री राज्यपाल जी का अभिभाषण, जो इस सदन के समक्ष आपने प्रस्तुत किया है, उसमें मेरी व्यवस्था यह है कि राज्यपाल जी का जो अभिभाषण होता है, वह सरकार की नीतियों, कार्यक्रमों का दस्तावेज होता है और सरकार क्या करने जा रही है, इसको परिलक्षित करता है। वर्ष 2006 के राज्यपाल के अभिभाषण में सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों को इसमें दिया गया है। लेकिन इसकी सार्थकता अब क्या होगी ?

श्री अध्यक्ष-

यह कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है। मैंने सोचा आप कोई वैधानिक बात उठायेगें। सदन का यह मतलब नहीं है कि बिना व्यवस्था के व्यवस्था चले।

श्री जगदम्बिका पाल-

मान्यवर, आप संसदीय मर्मज्ञ हैं।

श्री अध्यक्ष-

इसीलिये कह रहा हूं कि यह कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है।

श्री जगदम्बिका पाल-

मान्यवर, आप मेरी पूरी बात सुन लें, फिर भले ही उसे नामंजूर कर दें। अभी पिछले सत्र में सम्पूर्ण बजट पारित हो चुका है, अब इसके बाद महामहिम राज्यपाल जी के अभिभाषण का कोई मतलब नहीं रह जाता। श्री राज्यपाल जी का अभिभाषण तो बजट पारित होने के पूर्व आना चाहिये, क्योंकि उसी के आधार पर सारे विभागीय बजट का एलोकेशन होता है और इन मदवार बजट पर हम माननीय सदस्यगण चर्चा करते हैं। अब जब सम्पूर्ण बजट पारित हो चुका है, तो फिर इस अभिभाषण का क्या मतलब है ?

श्री अध्यक्ष-

यह कोई पहला अवसर नहीं है, इससे पहले भी 10 बार ऐसा हो चुका है। इसलिए यह आपका कोई व्यवस्था का प्रश्न नहीं है।

नोट :-- [ ] यह अंश पढ़ा हुआ माना गया।

श्री जगदम्बिका पाल-

आप उन अवसरों का उल्लेख कर दें।

श्री अध्यक्ष-

आप पढ़ लीजिएगा।

उत्तर प्रदेश विकास परिषद् विधेयक-2006

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

श्रीमन्, मैं आपकी अनुज्ञा से, उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश विकास परिषद् विधेयक, 2006 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 29 मार्च, 2006 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 29 मार्च, 2006 को वापस प्राप्त हो गया।

उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2006

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

श्रीमन्, मैं आपकी अनुज्ञा से, उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन नियमावली, 1958 के नियम-149 के अन्तर्गत सूचित करता हूं कि उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2006 जो उत्तर प्रदेश विधान सभा द्वारा दिनांक 28 मार्च, 2006 को पारित किया गया था, उत्तर प्रदेश विधान परिषद् से बिना किसी संशोधन के दिनांक 29 मार्च, 2006 को वापस प्राप्त हो गया।

उत्तर प्रदेश विकास परिषद् विधेयक, 2006

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

श्रीमन्, मैं आपकी अनुज्ञा से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश विकास परिषद्, विधेयक, 2006 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 29 मार्च, 2006 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 29 मार्च, 2006 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक 04 अप्रैल, 2006 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2006 का उत्तर प्रदेश का ग्यारहवां अधिनियम बन गया।

उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविधालय संशोधन विधेयक, 2006

प्रमुख सचिव, विधान सभा-

श्रीमन्, मैं आपकी अनुज्ञा से घोषित करता हूं कि उत्तर प्रदेश कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2006 पर, जिसे उत्तर प्रदेश विधान सभा ने अपने दिनांक 28 मार्च, 2006 के उपवेशन में पारित किया था तथा उत्तर प्रदेश विधान परिषद् ने अपनी दिनांक 29 मार्च, 2006 की बैठक में पारित किया था, राज्यपाल महोदय की अनुमति दिनांक

04 अप्रैल, 2006 को प्राप्त हो गई और वह सन् 2006 का उत्तर प्रदेश का बारहवां अधिनियम बन गया।

श्री अध्यक्ष-

मद सं0-5 और 6 में कुछ नहीं है।

कार्य-मंत्रणा समिति द्वारा सदन के कार्यक्रम निर्धारण की सिफारिश विषयक प्रस्ताव

श्री अध्यक्ष-

कार्य-मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 10 मई, 2006 की बैठक में विधान सभा के दिनांक 11 मई, 2006 से दिनांक 19 मई, 2006 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिशें की हैं:-

1-दिनांक 19 मई, 2006 को सदन का उपवेशन न हो।

2-दिनांक 11 मई, 2006 से 18 मई, 2006 तक के उपवेशनों का कार्यक्रम निम्नवत रखा जाय:-

मई, 2006

11 गुरूवार	1.	11.00 बजे पूर्वाह्न। राज्य विधान मण्डल के एक साथ समवेत दोनों सदनों के समक्ष श्री राज्यपाल का अभिभाषण।
	2.	12.30 बजे अपराह्न। (1) श्री राज्यपाल के अभिभाषण का पढ़कर सुनाया जाना। (2) औपचारिक कार्य, यथा अध्यादेशों, अधिसूचनाओं, नियमों आदि का सदन के पटल पर रखा जाना, विधेयकों का पुरःस्थापन आदि, यदि कोई हो।
12 शुक्रवार	1.	असरकारी दिवस।
	2.	4.00 बजे अपराह्न। वित्तीय वर्ष 2006-2007 के प्रथम अनुपूरक अनुदानों की मांगों का प्रस्तुतीकरण।
13 शनिवार 14 रविवार	बैठक नहीं होगी।	
15 सोमवार	1.	श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा।
	2.	वित्तीय वर्ष 2006-2007 के प्रथम अनुपूरक अनुदानों की मांगों पर चर्चा विचार एवं मतदान तथा तत्सम्बन्धी विनियोग विधेयक का सदन की अनुज्ञा से पुरःस्थापन, उस पर विचार एवं उसका पारण।

16 मंगलवार	1.	श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा।
	2.	विधायी कार्य।
17 बुधवार	1.	श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा।
	2.	'उत्तर प्रदेश के नगर निगमों द्वारा जनसुविधाओं को उपलब्ध कराने हेतु मार्ग-दर्शक सिद्धान्त बनाये जाने के सम्बन्ध में' डॉ0लक्ष्मीकान्त बाजपेयी, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-52 के अन्तर्गत अभिसूचित सूचना पर चर्चा-एक घण्टा। (जारी)
18 गुरूवार	1.	श्री राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा (अंतिम दिन)
	2.	'प्रदेश में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति न मिलने के सम्बन्ध में' श्री स्वामी प्रसाद मौर्य, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-52 के अन्तर्गत अभिसूचित सूचना पर चर्चा-एक घण्टा। (जारी)

संसदीय कार्य, नगर विकास मंत्री (श्री मोहम्मद आजम खां)-

मान्यवर, मैं आपकी अनुज्ञा से प्रस्ताव करता हूं कि यह सदन कार्य-मंत्रणा की सिफारिश से, जिसकी सूचना माननीय अध्यक्ष द्वारा सदन को दी गई है, से यह सदन सहमत है।

श्री अध्यक्ष-

प्रश्न यह है कि कार्य-मंत्रणा समिति की सिफारिश विषयक प्रस्ताव, जो माननीय संसदीय कार्यमंत्री जी ने सदन में प्रस्तुत किया है, से यह सदन सहमत है ?

(प्रश्न उपस्थित किया गया और सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ)

श्री अध्यक्ष-मद सं0-8 में कुछ नहीं है।

अब हम उठते हैं, कल 11.00 बजे पुनः बैठेगे।

(इसके बाद सदन का उपवेशन 12 बजकर 38 मिनट पर अगले दिन के 11 बजे तक के लिये स्थगित हो गया)

लखनऊ :

दिनांक 11 मई, 2006

राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय,
प्रमुख सचिव, विधान सभा,
उत्तर प्रदेश।

पीएस0यू0पी0-एल0 106 विधान सभा (177)-21-7-06-813 (कम्प्यूटर)।